कुछ लोगों ने नारे लगाते हुए की जबरन घुसने की कोशिश, इलाका छावनी में तब्दील

जामिया में चल रहे प्रदर्शन के खिलाफ लोगों की नारेबाजी से माहौल हुआ गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जामिया में मंगलवार को एक बार फिर माहौल उस वक्त गर्म हो गया जब यूनिवर्सिटी के गेट नंबर-5 के पास कुछ लोग जबरदस्ती घुस गए और नारेबाजी करने लगे। भीड़ में शामिल लोगों ने जय श्री राम व देश के गद्दारों को गोली मारो जैसे नारे लगाये और जामिया प्रदर्शन स्थल की तरफ घुसने की कोशिश की। हालांकि पुलिस तुरंत हरकत में आई गई और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जामिया के छात्र हफीज आजमी ने बताया कि लोगों का वह ग्रुप सुखदेव विहार की तरफ से आया था। लोगों ने दिल्ली पुलिस के सामने गोली मारो जैसे नारे लगाये। प्रदर्शनकारी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, हरियाणा के सोनीपत से तकरीबन 40 लोगों का एक समूह मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जामिया पहुंचा। समूह में शामिल सभी लोग नारेबाजी करने लगे। उनके हाथों में तिरंगा झंडा था। ये सभी लोग विवादित नारे लगा रहे थे। चूंकि प्रदर्शन स्थल पर पुलिस बल की पहले से तैनाती है, इसलिए उन लोगों को रोक दिया गया।

पुलिस ने बाद में सबको हिरासत में लिया और कालका जी थाने भेजा। गौरतलब है कि पिछले लगभग 50 दिनों से जामिया में सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहा है। 'गोली मारो' वाला नारा हाल के दिनों में बेहद चर्चित रहा है। इस नारे की गूंज संसद तक सुनी गई है। विपक्ष गोली मारने वाले नारे पर बीजेपी को घेर रही है। दरअसल एक जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने यह विवादित बयान दिया था। उन्होंने बाकायदा समर्थकों के बीच इसे लेकर नारे लगवाए थे। चुनाव आयोग ने ठाकुर पर 72 घंटे का बैन भी लगाया था।

रैपिड एक्शन फोर्स तैनात

सोमवार शाम इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स को तैनात कर दिया गया। वहीं, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवान भी शाहीन बाग पहुंचे हैं। फोर्स की तैनाती एहतियात के तौर पर की गई है।

पत्नी की हत्या कर खुद बुलाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नेब सराय इलाके में एक शख्स ने पत्नी की झगड़े के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद फोन कर पुलिस को वारदात की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम गाजियाबाद निवासी फजरुद्दीन उर्फ ननुआ बताया गया है। डीसीपी साउथ अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार वारदात मंगलवार को सामने आई। नेब सराय पुलिस को कॉल मिली थी कि झगड़े के बाद मैने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। एसआई लक्ष्मण और हेडकांस्टेबल सुरेश मौके पर पहुंचे और समीना नामक महिला को पीसीआर के जरिये एम्स अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह गाजियाबाद के मसूरी का रहने वाला है और पेशे से इलेक्ट्रीशियन है। उसके तीन बच्चे है। गत एक सप्ताह से वह अपने साले के घर पत्नी के इलाज के लिये आया हुआ था। महिला का मजीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पत्नी उसे हर रोज देरी से उठने का ताना मारती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

पंजाब के विधायक की कार होटल के बाहर से चोरी

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। राजेंद्र नगर थाना इलाके में पंजाब के विधायक धर्मवीर अग्निहोत्री की कार पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वह दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुवान के संबंध में दिल्ली आए थे। कार होटल के बाहर से चोरी हुई है। पुलिस ने विधायक के ड्राइवर राजेंद्र कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस होटल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि कांग्रेस के तरनतारन के विधायक विधानसभा चुनाव के संबंध में दिल्ली आए थे। रविवार को वह उनकी फॉर्च्यूनर कार लेकर दिल्ली आया था। उसने विधायक धर्मवीर अग्निहोत्री को रात में पंजाब भवन में छोड़ा था। रात को विधायक को वही रूकना था। राजेंद्र ने अपने लिए राजेंद्र नगर में एक होटल बुक किया हुआ था। होटल पहुंचने के बाद राजेंद्र कार को होटल के बाहर खड़ी कर अपने रूम में सोने के लिए चला गया। सुबह उठकर राजेंद्र कार लेने गया तो उसने देखा कि कार गायब है। इसके बाद उसने मामले की सूचना विधायक और पुलिस को दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। कई टीमें चोर की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

चोरी के बाद चोरों ने घर में लगाई आग

नई दिल्ली। बुराड़ी थाना इलाके में घर में चोरी करने के बाद चोरों ने घर में आग लगा दी। इसके बाद चोर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने मकान मालिक अनिल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, अनिल, चंदन विहार में अपने दूसरे मकान में रहते है। इस मकान में उन्होंने ताला लगाया हुआ है यहां कोई नहीं रहता है। सोमवार तड़के चोरों ने घर में हाथ साफ कर आग लगा दी।

MY MONEY SECURITIES LTD.
Regd Office : 10-A, UNDERHILL LANE, CIVIL LINES, DELHI-54
Ph : 011-23924241, 23930655
CIN : L67120DL1992PLC047890
EMAIL ID : mymoneyviews@outlook.com

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligation ard Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the meeting of Board of Directors of the Company will be held on Friday the 14th day of February, 2020 at its Registered office at 10-A Under Hill Lane, Civil Lines, Delhi-110 054 to consider and approve the Standalone unaudited financial results of the company for the quarter and nine months ended 31st December, 2019.

By Order of the Board
Sd/-
Sanjai Seth
Whole Time Director
DIN: 00350518
ADD: 10-A, Under Hill Lane, Civil Lines, Delhi : 110054

Place: Delhi
Date: 04/02/2020

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
CIN : L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी-4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028
Tel: 011- 25774212
Email: rekha.srivastava2016@gmail.com
Website: www.fortuneinternational.in

सूचना

कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमों, 2015 के नियमन 29, 33 और 47 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 31 दिसम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु कम्पनी के स्टैंडअलोन एवं समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 11 फरवरी 2020 को अप. 3.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, कम्पनी पुष्टि करती है कि कम्पनी की आंतरिक आचार संहिता के खण्ड V के अनुरूप इनसाइडर्स द्वारा ट्रेडिंग रेगुलेट करने, मॉनिटर करने और रिपोर्ट के लिये कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु ट्रेडिंग विंडो कम्पनी की उक्त संहिता के तहत आने वाले फरनामित व्यक्तियों हेतु बुधवार, 05 फरवरी 2020 से मंगलवार 11 फरवरी 2020 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी।

निवेशक अधिक विवरण हेतु कम्पनी की वेबसाइट (www.fortuneinternational.in) तथा स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर पधार सकते हैं।

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
ह/-
निवेदन भारद्वाज
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00040191

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.02.2020

लूटपाट के दौरान हत्या करने वाले तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने मालवीय नगर में गत दिनों सामने आये मर्डर केस को सुलझाते हुये तीन लोगों को पकड़ा है। इनमें दो नाबालिग बताये गये हैं। इनके पास से मृतक का लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद हो गया है। पकड़े गये एक आरोपी का नाम न्यू प्रियंका कैंप, झुग्गी नंबर 333, मदनपुर खादर निवासी रोहित कुमार (21) है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 31 जनवरी को अमरदीप कुमार नामक युवक से चाकू की नोंक पर तीन युवकों ने लूटपाट की कोशिश की थी।

विरोध करने पर उसे चाकू मारा गया था। पुलिस को बयान देने के बाद पीड़ित की इलाज के दौरान उसी दिन मौत हो गई थी। हाल में एसआई प्रमोद कुमार, हेडकांस्टेल सुनील व लोकेंद्र को वारदात में शामिल आरोपियों का पता चला। इसके बाद एसीपी जसबीर सिंह व इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने न्यू प्रियंका कैंप, मदनपुर खादर की झुग्गी में छापा मारा और रोहित को दबोच लिया। उसके साथ अपराध में शामिल रहे दो नाबालिग साथी भी धरे गये। इनके पास से लूटा हुआ मोबाइल भी बरामद हो गया है।

चेहरे पर मंकी कैप लगाकर करते थे लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ देर रात तक खुलने वाली दुकानों को बनाते थे निशाना,पाच बदमाश चढ़े हत्थे

सेंट्रल जिला पुलिस ने रात को खुलने वाले मेडिकल स्टोर में लूट की ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने वाले बंगाली गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम वसीम (25), नीलू शेख (22), विक्की दास (22), हफीफुल शेख उर्फ हैप्पी (35) और सकवीर खान उर्फ सम्राट (23) है। पुलिस की माने तो ये गैंग टारगेट सेट होने के बाद चेहरे पर मंकी कैप लगाकर वारदात को अंजाम देते थे।

इनके निशाने पर अलग-अलग इलाकों में 24 घंटे खुलने वाले मेडिकल स्टोर व बंद दुकानें होती थीं। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टे, नौ कारतूस, दो चाकू, लोहे की रॉड, तीन होंडा सिटी कारें, ताला तोड़ने वाले औजार और मास्टर की बरामद की हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस 15 मामले सुलझाने का दावा कर रही हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। एडिशनल सीपी मंदीप सिंह रंधावा ने बताया कि 25 नवंबर 2019 तड़के एलएनजेपी अस्पताल के पास एक कैमिस्ट शॉप में तीन बदमाश हथियार के बल पर दुकान में घुस गए थे। बदमाश दुकान से एक लाख 25 हजार रुपये व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए थे। ऐसी ही एक घटना गत 17 जनवरी 2020 की तड़के इसी एरिया में इरविन मेडिकोस दुकान में चार बदमाश घुसे, जहां से उन्होंने करीब 60 हजार रुपए और दो मोबाइल लूट लिए। बदमाश यहां एक कार से आये थे। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो पुलिस को कार का नंबर मिल गया। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि कार एक हफ्ते पहले तिलक नगर इलाके से चोरी हुई है।

इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सोमवार तड़के आरोपी एलएनजेपी अस्पताल के पास वारदात को अंजाम देने के लिए आने वाले है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बलात्कार पीड़िता के 24 हफ्ते में गर्भपात के लिए अदालत ने बोर्ड गठित करने का दिया निर्देश

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बलात्कार की नाबालिग पीड़िता को 24 हफ्ते के भ्रूण का गर्भपात कराने की अनुमति देने से पूर्व उसकी जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विभु बाखरु ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक से 16 वर्षीय लड़की की स्थिति की जांच के लिए तत्काल एक बोर्ड का गठन करने और इस विषय पर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा कि क्या गर्भावस्था जारी रखने से उसके स्वास्थ्य को किसी तरह का नुकसान हो सकता है। बोर्ड में एक मनोचिकित्सक भी होगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी के लिए निर्धारित की और संबंधित डॉक्टर से सुनवाई के दौरान मौजूद रहने का आग्रह किया। वकील अनवेष मधुकर और प्राची निरवान के जरिए दायर याचिका में कहा गया कि गर्भावस्था लड़की को नुकसान पहुंचा सकती है क्योंकि वह खुद बहुत कम उम्र की है।

मां की फ्लाइट छूटने के डर से बेटे ने उड़ा दी बम की अफवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस के सामने एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दरअसल एक युवक ने फ्लाइट में बम की अफवाह इसलिये उड़ाई ताकि मां की फ्लाइट न छूटें। उसकी मां को एयरपोर्ट पहुंचने में देर हो रही थी। बेटे ने एयरलाइंस के कस्टमर केयर को फोन करके कहा कि फ्लाइट में बम है। बम की कॉल मिलते ही एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पूरी फ्लाइट की घंटो तक बारीकी से जांच की गई। लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला।

फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कहीं जा रही है। डीसीपी आईजीआई एयरपोर्ट संजय भाटिया ने बताया कि सोमवार शाम 7:38 बजे इंडिगो एयरलाइंस के कस्टमर केयर पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई-843 में बम है। उस समय फ्लाइट टी-1 से उड़ान भरने वाली थी। पुलिस ने दूसरी एजेंसियों के साथ मिलकर चेकिंग की तो वहां सब कुछ सामान्य मिला। इसके बाद एयरलाइंस ने एयरपोर्ट पुलिस को शिकायत दी और एफआईआर दर्ज करने को कहा। पुलिस की जांच में सामने आया कि दो महिला यात्री देरी से पहुंची थी। पहले उन्हीं पर शक गया। उनसे पूछताछ की तो उन्हें इस झूठी कॉल के बारे में कुछ भी नहीं पता था। हालांकि एक महिला ने बताया कि उसने अपने बेटे केशव से फ्लाइट छूट जाने की आशंका जाहिर की थी। जिसके बाद केशव ने आश्वासन दिया था कि वह सब संभाल लेगा। पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि केशव ने ही फोन करके अफवाह फैलाई थी।

शीघ्रपतन
स्त्री के सामने लज्जित होना बचपन की गलतियां

जोश आने पर वीर्य (रज) का निकलना, निराश न हो, खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करें मनचाही इन्द्री वृद्धि, मनचाही यौन क्षमता, तुष्टि-पुष्टि संतुष्टि के लिए अभी फोन करें या आज ही मिलें।
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना
काजीज़ादा, अमरोहा
9027281900
9997161320

राजधानी में सर्द रही सुबह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने के साथ ही दिल्लीवासियों को बुधवार को सर्द सुबह का एहसास हुआ। न्यूनतम तापमान मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री नीचे दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 279 दर्ज किया जो 'खराब' श्रेणी में आता है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे हवा में नमी का स्तर 97 प्रतिशत रहा। सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

हथियार के बल पर 50 लाख की लूट को दिया था अंजाम

500 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मिला आरोपियों का सुराग, पांच बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट जिले के स्पेशल स्टाफ ने हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले पांच बदमाशों को लाखों रुपये के कैश के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम जाहिद उर्फ ठेकेदार (36), आसिफ अली (24), चांद महोम्मद उर्फ मटरू उर्फ अज्जू (26), राधा बल्लभ शर्मा उर्फ बंटी (36) और दिलीप उर्फ रिंकू (27) है। पुलिस की माने तो गैंग का सरगना आरिफ उर्फ अज्जू फिलहाल जेल में बंद है। आरोपी दिल्ली-एनसीआर में हथियार के बल पर ताबड़तोड़ रॉबरी की वारदात को अंजाम देते थे। वर्ष 2017 में आरोपी चांद मोहम्मद और जाहिद ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पुलिस टीम पर फायरिंग भी की थी, इस दौरान पुलिस ने चांद मोहम्मद को मौके पर ही दबोच लिया था। इस मामले में आरोपी जाहिद वॉटेंड था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 28 लाख 74 हजार रुपये कैश, तीन देसी कट्टे, तीन कारतूस, तीन दोपहिया वाहन बरामद किये हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस छह मामले सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) विजयंता आर्या ने बताया कि गत 20 जनवरी 2020 को विकासपुरी निवासी एक शख्स ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह रोहिणी सेक्टर-तीन स्थित एक निजी कंपनी में पिछले 10 साल से काम करते है। वह शाम करीब पांच बजे अपने सहयोगी राजहंस के साथ अशोक विहार से अपनी कंपनी के मालिक से एक बैग में 50 लाख रुपये लेकर आ रहे थे। उन्हें वह रुपये कंपनी में देने थे। जैसे ही वह प्रेमवाड़ी पुलिस के पास पहुंचे, तभी बाइक पर दो युवक आये और उन्हें रूकने का इशारा करने लगे। इस पर उन्होंने बाइक की गति कम कर दी। इसी बीच आरोपियों ने उनकी बाइक में लात मारकर उन्हें गिर दिया, जिससे वह घायल हो गए। तभी अन्य दो लड़के दूसरी बाइक पर वहां पहुंचे और रुपये लेकर चारों मौके से फरार हो गए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी की मदद से पुलिस को एक स्कूटी का नंबर मिला। टीम ने स्कूटी नंबर और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी दिलीप उर्फ रिंकू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने सारे सहयोगियों के नाम पुलिस को बताये। इसके बाद पुलिस ने जाहिद, आसिफ, चांद महोम्मद, राधा बल्लभ शर्मा को एक स्कूटी और बाइक के साथ दबोचा। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस मिला। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह आसिफ उर्फ आंशू गैंग के सदस्य है। वह आसिफ के कहने पर ही वारदात को अंजाम देते थे। आसिफ जेल में बंद है।

वारदात के वक्त बाहर पहरा देते थे दो बदमाश

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह हथियार के बल पर वारदात को अंजाम देते थे। बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वैलरी शॉप पर वारदात को अंजाम देने के दौरान दो बदमाश बाहर खड़े होकर पहरा देते थे। किसी भी प्रकार का खतरा महसूस होने पर वह अपने सहयोगियों को आगाह कर देते थे। इसके बाद सभी मौके से फरार हो जाते थे। आरोपी चांद मोहम्मद 18, जाहिद चार, दिलीप पर तीन और राधा बल्लभ एक मामले में शामिल रह चुका है।

SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED
Regd. Off.: 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax: 011-28315044
Corp. Off.: 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-48, Gurgaon (Haryana)-122002, Ph. 0124-2719000, Fax: 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449, Website : www.sainikfinance.com, Email: info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the quarter ended on 31st December 2019

(Rs. in Lakhs)

Sl. No.	Particulars	3 months ended (Unaudited)	3 months ended (Unaudited)	Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited)	9 months ended (Unaudited)	Corresponding 9 months ended in the previous year (Unaudited)	Previous Accounting Year ended (Audited)
		31.12.2019	30.09.2019	31.12.2018	31.12.2019	31.12.2018	31.03.2019
1	Total Income from operations	746.44	1,040.37	736.54	2,674.39	2,275.30	2,979.90
2	Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items)	289.85	103.25	177.22	600.87	559.16	744.42
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	289.85	103.25	177.22	600.87	559.16	744.42
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	218.59	84.01	128.28	452.11	404.37	542.47
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	218.59	84.01	128.28	452.11	404.37	542.47
6	Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each)	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00
7	Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted :	2.01 2.01	0.77 0.77	1.18 1.18	4.16 4.16	3.72 3.72	4.99 4.99

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of quartery Financial Result for the quarter ended 31st December 2019 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the website of the Stock Exchange i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meeting held on 4th February 2020. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
Sd-
Rudra Sen Sindhu
Director (DIN-00006999)

Date: 04.02.2020
Place: Gurugram (Haryana)